Web: www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़े संपादकीय-खेल-व्यापार-हेल्थ-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़े छत्तीसगढ़-रायगढ़-एजुकेशन-प्रादेशिक-फीचर

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

RNI NO.-CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, शुक्रवार 14 सितम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य-3 रूपए || वर्ष-2, अंक-41

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी - अधिकार से न्याय तक जल्द दैनिक हो रहा है। जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## पीएम मोदी के इंदौर दौरे के दौरान आतंकी हमले का शक

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार 14 सितंबर को इंदौर जा रहे हैं. इस दौरे पर खुफिया एजेंसियां ने पीएम मोदी पर आतंकी हमले की आशंका जताई है. एजेंसियों से मिले इनपुट के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं और विशेष एहतियात बरती जा रही है. पीएम मोदी इंदौर में बोहरा समाज के कार्यक्रम में शामिल होंगे.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु के प्रवचन में शामिल होंगे. पीएम मोदी कार्यक्रम स्थल सैफी मस्जिद पर 30 मिनट रुकेंगे.खुफिया एजेंसियों ने इनपुट दिया है कि आतंकी, महिला के वेश में पंडाल में घुस सकते हैं. पहले से ही काफी सतर्कता बरत रही सुरक्षा एजेंसियां इस सूचना के बाद और ज्यादा अलर्ट हो गई हैं.पुलिस ने पंडाल में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति की निगरानी शुरू कर दी है. डीआईजी हरिनारायणचारी मिश्र के मुताबिक पीएम की सुरक्षा व्यवस्था फोर लेयर कर दी गई है. सुरक्षा के चारों चक्र से गुजरने के बाद ही लोग पंडाल में प्रवेश पा सकेंगे. कार्यक्रम में आने वाले व्यक्ति पर कड़ी नज़र रखी जा रही है.

जिस पंडाल में कार्यक्रम होगा वहां जर्मन टेक्नोलॉजी से लैस 125 कैमरे लगाए गए हैं. इन कैमरों की मदद से लोगों के नाखून तक देखे जा सकेंगे. प्रधानमंत्री के आने और जाने के समय कुल 20 मिनट के लिए इंदौर नो फ्लाइंग जोन होगा.बोहरा समाज के इतिहास में ये पहला मौका है जब उनके कार्यक्रम में शामिल होने कोई प्रधानमंत्री आ रहे हैं.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अमेरिका में तूफान फ्लोरेंस के मद्देनजर 10 लाख लोगों का स्थानांतरण

वाशिंगटन (आरएनएस)। दक्षिणपूर्व अमेरिका के 10 लाख से अधिक लोगों को पांचवी श्रेणी के फ्लोरेंस तूफान के कारण अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के आदेश दिए गए हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, फ्लोरेंस तूफान को सोमवार को दो बार चौथी श्रेणी से पांचवीं श्रेणी में अपग्रेड किया गया, जिसकी वजह से नॉर्थ कैरोलिना, साउथ कैरोलिना और वर्जीनिया के तटीय इलाकों में रहने वालों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के निर्देश दिए हैं।

### दाम बढ़ गए हैं तो खर्चे कम कर दे जनता

जयपुर (आरएनएस)। एक तरफ विपक्ष तेल के बढ़ते दामों के खिलाफ सड़क पर उतर गया है, दूसरी तरफ सरकार का कहना है कि तेल कीमतों को काबू करना उसके हाथ में नहीं है। अब राजस्थान के एक मंत्री ने आम जनता को ही खर्चे कम करने की नसीहत दे दी है। राजस्थान के मंत्री राजकुमार रिणावा का कहना है कि कच्चे तेल के दाम बढ़ गए हैं तो जनता को खर्चे कम कर देने चाहिए। वसुंधरा के मंत्री का यह बयान पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों से परेशान जनता के लिए जले में नमक छिड़कने जैसा है।

### ईरान की करेंसी का हुआ ऐसा हाल, लोगों को पैसे की जगह देने पड़ रहे हैं सोने के सिक्के

एजेंसी। इस समय देश में डॉलर के सामने रुपए की गिरती कीमत पर खूब चर्चा हो रही है. डॉलर के सामने लगातार गिरता रुपया राजनीतिक गलियारों में भी खूब सुर्खियों में है. लेकिन एक देश और है, जिसकी करंसी डॉलर के सामने बहुत बुरी तरह गिर रही है. ये देश है ईरान और इसकी करंसी रियाल का हाल डॉलर के सामने हर दिन बहुत बुरा होता जा रहा है. एक समय तो एक डॉलर की कीमत डेढ़ लाख रियाल के बराबर हो चुकी है.

### नासा अब मंगल पर इंसान को भेजने की तैयारी में

एजेंसी। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा नेपर कई सारी चीज़ों का पता लगाया है। इसमें ये भी पता चला है कि वहां पर बहुत ज्यादा बड़े पहाड़ भी मौजूद हो सकते हैं। इसके बाद नासा अब मंगल पर इंसान को भेजने की तैयारी कर रहा है। मंगल पर जाना सरल नहीं है इसलिएनासा ने मंगल पर जाने वाले रास्ते में इंसान के बीच जो मुश्किलें आएंगी उसकी लिस्ट जारी है। इन मुश्किलों को पता करने के लिए नासा ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र व लैब में अध्ययन किया। उनके अनुसार 5 मुश्किलें हैं जो रास्ते में आ सकती हैं।

## अमेरिकी न्यायाधीश ने रूसी एजेंट की रिहाई से किया इंकार

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी न्यायाधीश ने रूस के एजेंट मारिया बुटिया की जेल से रिहाई की मांग को मामले सुनवायी के दौरान अस्वीकार कर दिया।

अमेरिकी जिला न्यायाधीश तान्या चुटकान ने सोमवार को अभियोजन के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा कि रूसी एजेंट मारिया बुटिया के भागने की आशंका को दखते हुए उसे रिहा नहीं किया जा सकता।

रूसी एजेंट के वकीलों ने मामले की सुनवायी से पूर्व उसकी रिहाई की मांग की थी। रूसी एजेंट पर आरोप है कि उसने विशेष संगठन में नौकरी के बदले सैक्स का प्रस्ताव दिया था।

## महज 30 हजार की ईएमआई के लिए कर दी थी हत्या

### एचडीएफसी के वाइस प्रेजिडेंट संघवी का मर्डर

मुंबई (आरएनएस)। एचडीएफसी बैंक के वाइस प्रेजिडेंट सिद्धार्थ संघवी के मर्डर का मोटिव बेहद चौंकाने वाला है। हत्यारे सरफराज शेख ने महज ईएमआई चुकाने के लिए संघवी की हत्या कर दी थी। 26 वर्षीय शेख ने गिरफ्तारी से पहले पुलिस को उलझाने के लिए कई बार अपने बयान बदले थे। पहले हत्या की वजह ईर्ष्या बताने वाली पुलिस ने कहा था कि हत्या की मुख्य वजह लूट थी और शेख ने 30 हजार रुपये की ईएमआई चुकाने के लिए संघवी को मार डाला।




जब आरोपी शेख को भोइवाड़ा मजिस्ट्रेट कोर्ट के सामने पेश किया गया तब उससे पूछा गया कि क्या वह कुछ कहना चाहता है? इसके बाद शेख ने अपना हाथ उठाते हुए विटनेस बॉक्स में खड़ा हो गया। उसके बाद शेख ने हत्या का मोटिव बताया। उसने सबसे पहले कहा, हां सर, मैंने उन्हें मार डाला। यह मेरी भयंकर भूल थी। शेख ने कहा कि उसने मोटरसाइकिल खरीदने के लिए लोन लिया था। पिछले 2-3 महीने से वह लोन नहीं चुका पाया था, तब उसने संघवी को लूटने का फैसला किया लेकिन, जल्दी में मैंने उनकी हत्या कर दी।

शेख ने पुलिस को बताया था कि उसे पैसों की सख्त जरूरत थी।

## श्रीलंका : सरकार ने हिंदू मंदिरों में पशु-पक्षियों की बलि लगाने पर रोक लगाई

एजेंसी। श्रीलंका की सरकार हिंदू मंदिरों में पशु-पक्षियों की बलि पर रोक लगा रही है. सरकार के एक प्रवक्ता ने बीबीसी को बताया कि हिंदू धार्मिक मामलों के मंत्रालय ने इसका प्रस्ताव आगे बढ़ाया था और अधिकतर उदारवादी समूहों ने इसका समर्थन किया है.कुछ हिंदू अपने देवी-देवताओं को प्रसन्न करने के लिए मंदिरों में बकरा, भैंसा और मुर्गियों की बलि देते हैं. हिंदुओं के अलावा मुसलमान भी अपने धार्मिक आयोजनों में पशुओं की बलि देते हैं. पशुओं के अधिकारों के लिए काम करने वाले और बौद्ध समूह इससे नाराज होते हैं.



पशु बलि का समर्थन करने वालों का कहना है कि ये उनकी आस्था का मामला है जो प्राचीन काल से जारी है, इसलिए इसे जारी रखा जाना चाहिए. श्रीलंका के मामले में ऐसा प्रतीत होता है कि बलि पर रोक संबंधी क़ानून के दायरे में मुसलमान नहीं होंगे, जो देश की आबादी का तीसरा बड़ा हिस्सा हैं.

## पूर्व प्रधानमंत्री अब्बासी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के संबंध में एक उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठक के ब्योरे का खुलासा करने के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद खाकान अब्बासी के खिलाफ जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।



अब्बासी ने, डॉन अखबार के संवाददाता के साथ अपनी पार्टी के नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री शरीफ के साक्षात्कार को लेकर मई में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता की थी। बाद में उन्होंने बैठक का ब्यौरा मीडिया के साथ साझा किया था।

सिविल सोसाइटी की एक सदस्य ने लाहौर उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर आरोप लगाया कि अब्बासी ने सुरक्षा प्रतिष्ठानों की मानहानि की है।याचिकाकर्ता ने तर्क दिया था कि बैठक के बाद अब्बासी ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शरीफ से मुलाकात की थी और उन तक सैन्य नेतृत्व की चिंता पहुंचाई।

उसने कहा कि अब्बासी ने ऐसा कर प्रधानमंत्री के रूप में ली गई अपनी शपथ का उल्लंघन किया।लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मजहर अली अकबर नकवी ने अब्बासी को सोमवार को तलब किया था लेकिन वह पेश नहीं हुए। इस पर उनके खिलाफ जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया गया।

## दिल्ली पुलिस को ठुल्ला कहने के मामले में केजरीवाल को कोर्ट से राहत

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली पुलिस के खिलाफ टिप्पणी करने के मामले में बड़ी राहत मिली है. मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली पुलिस को ठुल्ला कहा था जिसके बाद उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज किया गया था. पटियाला हाउस कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दाखिल मामले को रद्द कर दिया है. पटियाला हाउस कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि पुलिस को ठुल्ला कहने पर कोई मानहानि का मामला नहीं बनता है.



## DUSU चुनाव : 6 ईव्हीएम मशीन में खराबी के कारण आज काउंटिंग टली



नई दिल्ली। DUSU Election Results: 6 ईव्हीएम मशीन में खराबी के कारण आज काउंटिंग टली, अगली तारीख का निर्णय बैठक से बाद लिया जाएगा.

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में पाकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पूंछ में बुधवार रात को मराठा लाइट इंफेंट्री की 15वीं बटालियन ने एक पाकिस्तानी नागरिक को अपने हिरासत में लिया. नागरिक के पास से पाकिस्तान की करेंसी और दो पहचान पत्र बरामद किए गए हैं. वहीं बारामूला जिले के सोपोर इलाके में गुरुवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई.



## अमित शाह अब 21 को ही आयेंगे पीएम के कार्यक्रम में होंगे शामिल

रायपुर। अमित शाह अब 29 सितंबर को नहीं 21 सितंबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर आयेंगे। प्रधानमंत्री के 22 सितंबर को प्रस्तावित जांजगीर दौरे के मद्देनजर अमित शाह का ये दौरा बदला है। जांजगीर में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में एक लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। लिहाजा अमित शाह 21 सितंबर को प्रस्तावित दौरे के दौरान प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारी की समीक्षा करेंगे और शीर्ष पार्टी पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। पिछली बार 5 सितंबर को अमित शाह रायपुर से सीधे डोंगरगढ़ चले गये थे और फिर वहां से लौटकर दिल्ली चले गये थे, इस दौरान उन्हें पार्टी की चुनावी तैयारी की समीक्षा का वक्त नहीं मिला था।

## नाव डुबने से हुई थी 100 से ज्यादा शरणार्थियों की मौत: एमएसएफ

त्रिपोली (आरएनएस)। सामाजिक कल्याण संस्था मेडिसिन सेन्स फ्रंटियर्स (एमएसएफ) ने सोमवार को कहा कि एक और दो सितंबर को लीबिया के तट पर शरणार्थियों की नाव डुबने से 100 से ज्यादा शरणार्थियों की मौत हुई थी। एमएसएफ ने नाव डुबने की घटना में किसी तरह अपनी जान बचा लेने वाले शरणार्थियों के हवाले से यह जानकारी दी। एमएसएफ ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा कि एक सितंबर को दो नावें लीबिया के तट से शरणार्थियों को लेकर रवाना हुई थी। दोनों नावों में ज्यादातर अफ्रीकी शरणार्थी सवार थे। एक शरणार्थी के अनुसार इनमें से एक नाव का इंजन खराब हो गया। इसके कुछ समय बाद दूसरी नाव भी हांफने लगी। कुछ शरणार्थियों ने नाव के अवशेषों से चिपककर अपनी जान बचायी।

MEDECINS SANS FRONTIERES

## ओलंपिक में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को मिलेगा 2 करोड़ का इनाम, राज्य सरकार ने की घोषणा

रायपुर। राज्य खेल अलंकरण पुरस्कार सम्मान समारोह में सीएम डॉ. रमन सिंह ने खिलाड़ियों को सम्मान मुख्यमंत्री डॉ. रमन ने कहा, सरकार खेल के बढ़ावा देने की कार्ययोजना पर काम कर रही है। मेरी दिली इच्छा है कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय एशियन और ऑलम्पिक में पहुंचे। राज्य के खिलाड़ी ओलंपिक में मैडल जीतते हैं तो उन्हें राज्य सरकार की तरफ से 2 करोड़ का इनाम दिया जाएगा। उन्होंने कहा अब बाहर जाने पर खिलाड़ियों को 100 रुपए प्रतिदिन भत्ता की जगह 350 रुपए भत्ता दिया जाएगा। पुरस्कार वितरण समारोह में शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, शहीद विनोद चौबे सम्मान और मुख्यमंत्री ट्रॉफी पुरस्कार दिए जा रहे हैं।समारोह में मुख्यमंत्री के साथ विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, खेल मंत्री भैयालाल राजवाड़े, मंत्री राजेश मूणत, विधायक सत्यनारायण शर्मा भी मंच पर मौजूद हैं।



**आवश्यकता है**

**कैरियर स्कूल इंग्लिश मीडियम में शिक्षक/शिक्षिकाओं की आवश्यकता है।**

**संपर्क समय : - सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक।**

**पता :- श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ (छ.ग.)**

## आदेश

## एचआईवी पीड़ितों से भेदभाव करना माना जाएगा अपराध

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत में एचआईवी एवं एड्स के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस बीमारी ने कई लोगों को अपने जाल में लिया है। जिस कारण इस बीमारी से ग्रसित लोगों के साथ भेदभाव किया जाता है। लेकिन अब देश में एचआईवी एवं एड्स के मरीजों के साथ भेदभाव करना अपराध की श्रेणी में माना जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से एचआईवी/एड्स अधिनियम, 2017 की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिसमें कहा गया है कि अगर कोई एचआईवी एवं एड्स के मरीजों के साथ भेदभाव करता है तो उसे दो साल तक की जेल और एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। अधिसूचना में बताया गया है कि 10 सितंबर से इसे पूरे देश में लागू कर दिया गया है।



**दो साल की कैद, एक लाख होगा जुर्माना**

इस अधिनियम के लागू हो जाने के बाद एचआईवी या एड्स पीड़ितों को संपत्ति में पूरा अधिकार और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी हर मुमकिन मदद मिल सकेगी।

इस नए प्रावधान के तहत एचआईवी पीड़ित नाबालिग को परिवार के साथ रहने का अधिकार मिलता है और उनके खिलाफ भेदभाव करने और नफरत फैलाने से रोकता है।